आवश्यक-सूचना

आरक्षक (जीडी) एवं आरक्षक (रेडियो) के कुल 7411 पदों पर भर्ती हेतु म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल व्दारा ऑनलाईन परीक्षा दिनांक 12.08.2023 से 12.09.2023 तक आयोजित कराई गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 07.03.2024 को म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल व्दारा वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर जारी किया जा चुका है। सफल उम्मीदवारों को अगले चरण के लिये शारीरिक दक्षता परीक्षा (Physical Proficiency Test) PPT ली जाएगी। अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण एवं 800 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं गोला फेंक निम्नलिखित दस स्थलों पर दिनांक 23.09.2024 से दिनांक 09.11.2024 **(दिनांक 29.09.24, 03.10.24 से 15.10.24, 22.10.24, 28.10.24 से 03.11.24 को परीक्षा अवकाश रहेगा)** तक किया जाएगा, जो प्रतिदिन 6:00 बजे से आरंभ होगा।

ऑनलाईन परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के लिये म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल व्दारा वेबसाईट पर सूचना-पत्र जारी किये जायेंगें, जिसे डाउनलोड कर, निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थल पर लाना अनिवार्य है। सभी उम्मीदवारों को उनकी निर्धारित दिनांक को ही पहुँचना है। उम्मीदवार को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिये जो दिनांक व स्थान सूचित किया जा रहा है, उस दिनांक व स्थान में कोई परिर्वतन नहीं किया जायेगा।

क्र.	**केन्द्र**	**परीक्षा स्थल**
1	भोपाल	मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, लाल परेड ग्राउण्ड, जहांगीराबाद, भोपाल
2	इंदौर	पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, (पीटीसी) मूसाखेंड़ी, इंदौर
3	जबलपुर	परेड ग्राउण्ड, 6वीं वाहिनी विसबल, रांझी, जबलपुर
4	ग्वालियर	परेड ग्राउण्ड, 14वीं वाहिनी विसबल, कम्पू, ग्वालियर
5	उज्जैन	महानंदा एरीना ग्राउण्ड, देवास रोड, उज्जैन
6	सागर	शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, बहेरिया, सागर
7	रीवा	परेड ग्राउण्ड, 9वीं वाहिनी विसबल, रीबा
8	बालाघाट	फुटबॉल/हॉकी ग्राउण्ड, 36वीं वाहिनी विसबल, बालाघाट
9	रतलाम	भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बस स्टैण्ड के पास, जावरा, रतलाम
10	मुरैना	परेड ग्राउण्ड, 05वीं वाहिनी विसबल, मुरैना

शारीरिक दक्षता चयन के विभिन्न चरणों में आधार e-kyc सत्यापन कराया जाएगा, अतएव अपना आधार कार्ड साथ लेकर आएं। साथ ही अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित करें, कि उनका आधार नम्बर उनके व्दारा लॉक न कर दिया गया हो। साथ ही साथ दस्तावेज परीक्षण हेतु उम्मीदवारों को आवश्यक समस्त मूल प्रमाण-पत्र एवं उनकी स्वयं प्रमाणित छायाप्रति (photocopy) साथ लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है।

18/3/24

उप पुलिस अधीक्षक
(चयन / भर्ती)
पुलिस मुख्यालय, भोपाल